पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

श्री नाईक ने विजय दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की

लखनऊः 16 दिसम्बर, 2014

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज विजय दिवस के अवसर पर 'स्मृतिका' स्थल मध्य कमाण्ड जाकर 1971 के भारत-पाकिस्तान के युद्ध में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों के सम्मान में पुष्प चक्र अर्पित करके अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। ज्ञातव्य है कि 16 दिसम्बर को विजय दिवस के रूप में याद किया जाता है। श्रद्धांजलि सभा में चीफ आफ स्टाफ, मध्य कमाण्ड, ले0 जनरल0 श्री जी0एस0 शेरगिल सहित सेना के वरिष्ठ अधिकारी व सम्मान गार्ड उपस्थित थे।

राज्यपाल ने श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद कहा कि भारत की सेना विश्व की अव्वल दर्जे की सेना है, जिनके हाथों देश सुरक्षित है। भारतीय सेना के अधिकारी और जवान दिन के चैबीस घण्टे, माह के तीसों दिन और वर्ष के 365 दिन सतर्कता से देश की रक्षा करते हैं। जब युद्ध होता है तो विजय भी मिलती है और कुछ वीरगति को प्राप्त करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे शहीदों की याद को हमेशा बनाये रखना पूरे देश की जनता का कर्तव्य है।

उल्लेखनीय है कि समाचार पत्रों के माध्यम से राज्यपाल को आज जानकारी मिली थी कि विजय दिवस के अवसर पर मध्य कमाण्ड स्थित 'स्मृतिका' स्थल शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिये दिन के 2 बजे से जनता के लिये खुला रहेगा। उन्होंने श्रद्धांजलि देने की इच्छा व्यक्त की तो मध्य कमान के अधिकारियों ने बताया कि स्मृतिका पर प्रातः शहीदों को सम्मान दिया जायेगा तो राज्यपाल ने भी उपस्थित होकर अपनी तथा प्रदेश की जनता की ओर से शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

LT GEN GS SHERGILL, VSM
COS CENTRAL COMD

LT GEN GS SHERGILL, VSM**
COS CENTRAL COMD

LT GEN GS SHERGILL, VSM**
COS CENTRAL COMD